पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

नववर्ष पर राज्यपाल की बधाई
नये वर्ष में समाज में महिलाओं को सम्मानजनक स्थान देने का संकल्प करें-- श्री नाईक
राज्यपाल नववर्ष पर 11.00 से 12.00 बजे तक गणमान्य नागरिकों से भेंट करेंगे

लखनऊः 31 दिसम्बर, 2017

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने नववर्ष के अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक मंगलकामनाएँ देते हुए उनके सुख-समृद्धि की कामना की है।

राज्यपाल ने नववर्ष की पूर्व संध्या पर जारी अपने बधाई संदेश में कहा है कि नये वर्ष में हमें अपनी आधी आबादी यानी महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिये विशेष प्रयत्न करने होंगे। हमें मुख्य रूप से यह प्रयास करना होगा कि हर महिला को सम्मान व आदर मिले और वह किसी प्रकार की हिंसा का शिकार न हो। देश बदल रहा है महिलाएं हर क्षेत्र में आगे आ रही हैं। विश्वविद्यालय इस बात के साक्षी हैं कि महिलायें पुरूषों से बेहतर स्थान बना रही हैं। महिलाओं का आगे बढ़ना महिला सशक्तिकरण का शुभ संकेत है। 'आईये नूतन वर्ष में महिलाओं को समाज में सम्मानजनक स्थान देने के संकल्प के साथ उनके प्रति होने वाली हर प्रकार की हिंसा और अत्याचार के विरूद्ध आवाज उठायें और इस सामाजिक बुराई को दूर करने में भागीदार बनें'। उन्होंने कहा कि हमें बीते वर्ष के सभी दर्द व कड़वाहट को भुलाते हुए नये संकल्प से शुरूआत करने की जरूरत है।

श्री नाईक नववर्ष के अवसर पर पूर्वान्ह 11.00 बजे से 12.00 बजे तक राजभवन में गणमान्य नागरिकों तथा अधिकारियों से भेंट कर उन्हें बधाई देंगे।

अंजुम/ललित/राजभवन (492/51)